LATEST

NEWS

# Election

## Date : 19th Oct. 2025

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक नवज्योति
नई दिल्ली, रविवार, 19.10.2025

दैनिक नवज्योति
Jaipur city - 19 Oct 2025 -

# चुनाव वाले क्षेत्रों में वोटिंग के दिन वैतनिक अवकाश

**एजेंसी/नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और सात राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के मतदान के दिनों में वैतनिक अवकाश की घोषणा की है। यह प्रावधान दैनिक वेतनभोगी और अस्थाई कर्मचारियों पर भी लागू होगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके है कि अनौपचारिक क्षेत्र के कर्मचारी बिना किसी वित्तीय नुकसान के मतदान कर सकें। चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों में पंजीकृत मतदाता लेकिन उन क्षेत्रों के बाहर औद्योगिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत मतदाता भी मतदान की सुविधा के लिए सवेतन अवकाश के समान रूप से हकदार हैं।

दैनिक भास्कर
जयपुर, रविवार, 19.10.2025

दैनिक भास्कर जयपुर 19-10-2025

# अंता में 12 प्रत्याशियों का नामांकन, दो दिन अवकाश, 21 अंतिम तिथि

**जयपुर** | अंता विधानसभा उप चुनाव के लिए अब तक करीब 12 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। इसमें बीजेपी - कांग्रेस के अलावा शेष लगभग निर्दलीय के रूप में मैदान में है।

उधर रविवार और दीपावली का अवकाश रहने के कारण प्रत्याशी 21 अक्टूबर को ही नामांकन दाखिल कर सकेंगे। उसके बाद नामांकन पत्रों की जांच होगी और 27 अक्टूबर तक नाम वापसी है। उप चुनाव का 11 नवंबर को मतदान है जबकि मतगणना 14 नवंबर की है। इस उप चुनाव में 100 प्रतिशत वेबकॉस्टिंग की तैयारियां हो चुकी है ताकि सभी मतदान केंद्रों पर निगरानी रखी जा सकें। उधर मतदान केंद्रों के बाहर भी कैमरे लगाने की व्यवस्था की जा चुकी है।

**होम वोटिंग का प्रोसेस शुरू :** उप चुनाव के लिए होम वोटिंग का प्रोसेस शनिवार से शुरू हो गया। बीएलओ पात्र मतदाताओं से विकल्प पत्र के रूप में फार्म 12डी पर काम कराया जा रहा है। इस क्षेत्र में 85 प्लस के मतदाता 1013 है जबकि दिव्यांग केटेगरी में 1170 है। वहीं 39 सेवा केटेगरी के मतदाता है। उधर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 268 मतदान केंद्रों में से आठ महिला संचालित, आठ युवा संचालित, एक दिव्यांगजन संचालित बूथ बनाया गया है।

राजस्थान पत्रिका
बारां, रविवार, 19.10.2025

# मिठाई के डिब्बों से जागरूकता का संदेश

**बारां @ पत्रिका.** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर तथा सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में अंता विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। स्वीप सह प्रभारी अमित भार्गव ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए दीपोत्सव पर्व पर एक अभिनव पहल की गई है। इसके तहत मिठाई के डिब्बों, नमकीन के पैकेटों, सजावटी सामानों और ज्वेलरी बॉक्स पर निर्वाचनं शुभंकर मतू के साथ आकर्षक स्टीकर लगाए गए हैं, जिन पर संदेश लिखा है - 11 नवंबर नोट करें, निर्भय होकर वोट करें।

**राजस्थान पत्रिका**

**बारां, रविवार, 19.10.2025**

# चुनाव के लिए 4 और नामांकन दाखिल

अंता में होने जा रहे उपचुनाव के लिए शनिवार को रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में चार अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा कराए। जिला निर्वाचन अनुभाग के अनुसार योगेश कुमार शर्मा ब्राह्मण व नौशाद ने निर्दलीय, उर्मिला जैन ने आईएनसी व मोरपाल सुमन ने बीजेपी से नामांकन प्रस्तुत किए।

अमिट अक्षर
बारां, रविवार, 19.10.2025

# मिठाई के डिब्बों से मतदान जागरूकता का दिया संदेश




**( अमिट अक्षर )**

**बारां, 18 अक्टूबर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर तथा सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में अंता विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

स्वीप सह प्रभारी अमित भार्गव ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए दीपोत्सव पर्व पर एक अभिनव पहल की गई है। इसके तहत मिठाई के डिब्बों, नमकीन के पैकेटों, सजावटी सामानों और ज्वेलरी बॉक्स पर निर्वाचन शुभंकर मतू के साथ आकर्षक स्टीकर लगाए गए हैं, जिन पर संदेश लिखा है -11 नवंबर नोट करें, निर्भय होकर वोट करें।

उन्होंने बताया कि यह पहल घर-घर तक मतदाता जागरूकता पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बनी है। दीपावली की खुशियों के साथ जब लोग उपहार और मिठाइयां बांट रहे हैं, तो उन्हीं पैकिंग पर लगे स्टीकर लोगों को मतदान दिवस 11 नवंबर को निर्भय होकर मतदान करने की प्रेरणा दे रहे हैं।

जननायक
बारां, रविवार, 19.10.2025

# दीपोत्सव पर मिठाई के डिब्बों से मतदान जागरूकता का संदेश



**जननायक ब्यूरो**

**बारां।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर तथा सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में अंता विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

स्वीप सह प्रभारी अमित भार्गव ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए दीपोत्सव पर्व पर एक अभिनव पहल की गई है। इसके तहत मिठाई के डिब्बों, नमकीन के पैकेटों, सजावटी सामानों और ज्वेलरी बॉक्स पर निर्वाचन शुभंकर मतू के साथ आकर्षक स्टीकर लगाए गए हैं, जिन पर संदेश लिखा है, 11 नवंबर नोट करें, निर्भय होकर वोट करें। उन्होंने बताया कि यह पहल घर-घर तक मतदाता जागरूकता पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बनी है। दीपावली की खुशियों के साथ जब लोग उपहार और मिठाइयां बांट रहे हैं, तो उन्हीं पैकिंग पर लगे स्टीकर लोगों को मतदान दिवस 11 नवंबर को निर्भय होकर मतदान करने की प्रेरणा दे रहे हैं।